राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

जैव विविधिता संरक्षण के लिए मिल कर प्रयास करने पर दिया जोर

राज्यपाल ने ट्रेवर्स टैंक का सपरिवार भ्रमण किया

जयपुर, 2 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार सांय को देलवाड़ा में ट्रेवर्स टैंक का सपरिवार भ्रमण किया।

माउन्ट आबू वन्यजीव अभयारण्य में स्थित ट्रेवर्स टैंक के चारों ओर फैली वन सम्पदा को देखकर राज्यपाल श्री मिश्र अभिभूत हो गए। बाद में टैंक के किनारे रुक कर उन्होंने प्राकृतिक दृश्यावलियों का अवलोकन किया।

राज्यपाल ने इस दौरान राजस्थान के इस सुंदर पर्वतीय पर्यटन स्थल का पारिस्थितिकी अनुकूलता के अंतर्गत संरक्षण और विकास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में आ रहे पारिस्थितिकीय बदलाव को देखते हुए स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां की जैव विविधता अद्‌भुत है, जिसको सुरक्षित रखने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास होने चाहिए।
इससे पहले श्री मिश्र को अधिकारियों ने ट्रेवर्स टैंक पहुंचने पर यहां के वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी।